## एक नजर में

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले से पशु प्रेमी खुश

**भोपाल.** एक ऐतिहासिक फैसले में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने दिल्ली-एनसीआर से पकड़े गए सभी आवारा कुत्तों की रिहाई का आदेश दिया है. अदालत ने हाईकोर्ट के उस फैसले पर रोक लगा दी है जिसमें इन कुत्तों को शेल्टर होम में भेजने की अनुमति दी गई थी. सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि केवल रैबीज से संक्रमित या आक्रामक कुत्तों को ही शेल्टर होम भेजा जा सकेगा. इस फैसले के आते ही पशु प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ गई.उन्होंने मानवीय दृष्टिकोण वाला कदम बताते हुए सुप्रीम कोर्ट का आभार जताया.

# बचपन एंड निरोग्य क्लीनिक का लाइसेंस निरस्त

## बैरसिया के निजी क्लीनिक में ली जा रही थी सरकारी चिकित्सक की सेवाएं

**बैरसिया, 22 अगस्त. बैरसिया में संचालित बचपन एंड निरोग्य क्लीनिक के संचालन की अनुमति मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय भोपाल द्वारा निरस्त की गई है.**



इसके पूर्व क्लीनिक संचालक को सीएमएचओ कार्यालय की ओर से नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया था. संतोषजनक जवाब नहीं देने पर नर्सिंग होम एंड क्लीनिक एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के प्रावधानों के तहत लाइसेंस एवं पंजीयन निरस्त किया गया है. पूर्व में इस क्लीनिक का निरीक्षण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) भोपाल डॉ. मनीष शर्मा द्वारा किया गया था. इस दौरान यहां पर सिविल अस्पताल बैरसिया के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.पुष्पेंद्र चौकीकर प्रैक्टिस करते हुए पाए गए थे. सीएमएचओ ने इसे गंभीरता से लेते हुए बिना अनुमति एवं सूचना के निजी संस्था में प्रैक्टिस करने पर डॉ.चौकीकर को नोटिस जारी किए थे. निजी क्लीनिक को भी शासकीय चिकित्सक की सेवाएं लिए जाने पर मध्यप्रदेश उपचर्यागृह तथा रूजोपचार संबंधी स्थापनाएं (रजिस्ट्रीकरण एवं अनुज्ञापन) अधिनियम 1973 एवं अधिनियम 1997 (यथा संशोधित ) 2021 के तहत नोटिस जारी किया गया था.

> सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने बताया कि क्लीनिक का लाइसेंस निरस्त किया गया है. यहां पर कोई भी चिकित्सकीय गतिविधियां नहीं की जा सकेंगी . इस मामले में डॉ. पुष्पेंद्र चौकीकर को भी नोटिस दिया गया है. विभागीय नियमों के अनुसार उन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की प्रक्रिया प्रचलन में है.

# वन्यप्राणियों को बचाने चेतावनी प्रणाली विकसित होगी

**▸ एसएफआरआई व आईआईटी इंदौर के बीच एमओयू**

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 22 अगस्त. वन्य जीवों को बचाने मध्यप्रदेश वन विभाग ने इटारसी से नागपुर तक प्रस्तावित तृतीय रेलवे लाइन के विस्तार से सतपुड़ा मेलघाट कॉरिडोर एवं सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के ईको-सेंसेटिव जोन पर पड़ने वाले संभावित नकारात्मक प्रभावों को ध्यान में रखते हुए गंभीर पहल की है.**

राज्य वन अनुसंधान संस्थान (एसएफआरआई) जबलपुर और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) इंदौर के बीच एक एमओयू हुआ है. इसका मुख्य उद्देश्य एआई आधारित प्रारम्भिक चेतावनी प्रणाली विकसित करना है. इससे सतपुड़ा-मेलघाट कॉरिडोर में रेल ट्रैक पर बाघ, तेंदुआ जैसे वन्यप्राणियों के टकराने की घटनाओं को रोका जा सकेगा.

> प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) ने राज्य वन अनुसंधान संस्थान (एसएफआरआई) जबलपुर को रेलवे लाइन विस्तार हेतु मिटिगेशन प्लान तैयार करने के निर्देश दिए हैं. रेलवे प्राधिकरण को भी यह स्पष्ट कर दिया गया है कि आगे की कार्रवाई इसी रिपोर्ट के आधार की जायेगी. इसी संदर्भ में यह एमओयू किया गया है. एसएफआरआई जबलपुर और आईआईटी इंदौर मिलकर वन्यजीव संरक्षण को और अधिक वैज्ञानिक और प्रभावी बनाने के लिए एआई आधारित प्रणाली विकसित कर रहे हैं. एमओयू के अवसर पर एसएफआरआई जबलपुर के संचालक प्रदीप वासुदेव और वैज्ञानिक डॉ. अनिरुद्ध मजूमदार और आईआईटी इंदौर के संचालक सुहास एस. जोशी, डीन अभिरुप दत्त और सह-प्राध्यापक डॉ. सौरभ दास मौजूद रहे.

## नकली कीटनाशक से मक्का की फसल नष्ट

**बेगमगंज, 22 अगस्त. नकली खाद और कीटनाशक का गोरखधंधा करने वाले बिचौलिए किसानों को बर्बाद करने पर उतर आए हैं.**

गत दिनों केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान ने विदिशा जिले में प्रत्यक्ष रूप से फसलों का आकलन करके ऐसा ही मामला पकड़ा था. गिरोह का नेटवर्क पूरे प्रदेश में बेरोकटोक चल रहा है. नकली खाद एवं कीटनाशक से बर्बाद होने वाले किसानों को सरकार कोई सहायता नहीं दे रही और ना ही ठग गिरोह के खिलाफ प्रभावी कदम उठा रही है. बेगमगंज तहसील के ग्राम तुलसीपार के लघु कृषक खालिद खान पिता शमशाद खान ने अपनी 5 एकड़ भूमि पर मक्का की फसल की बुआई की थी. जिसमें कीटनाशक दवा डालने के लिए 5 हजार रुपये की ली और फसल पर कीटनाशक का छिड़काव किया. किसान का आरोप है कि दवा के छिड़काव के बाद उनकी मक्के की पूरी फसल नष्ट हो गई. अपनी बर्बाद फसल को देखकर किसान ने दवा विक्रेता से संपर्क किया तो उन्होंने अच्छी दवा होने का दावा किया.

# एसडीओ ने किया विरही, कल्याणपुर डैम का निरीक्षण

**बैरसिया, 22 अगस्त. बैरसिया इलाके में तीन दिन से जारी बारिश से क्षेत्र के प्रमुख डैमों में पानी की आवक बेहद तेज हो गई है. विरही, गरेठिया, सगोनीकला, लंगरपुर, कालापीपल, कल्याणपुर, नामदारपुरा, करोंदिया और सुकलिया डैम लबालब भर गए हैं.**



गुरुवार को एसडीओ जलसंसाधन कल्याणी दुबे ने विरही एवं कल्याणपुर डैमो का निरीक्षण किया और बढ़ते जलस्तर की स्थिति देखी. उन्होंने बताया कि क्षेत्र में 9 जलाशय और 20 बैराज हैं, जहा सभी डैमो में जलस्तर फुल टैंक लेवल के करीब पहुंच चुका है और बैराज भी पूरी तरह भर चुके हैं. इनमें कुछ बैराज के बेस्टीयर भी चालू हो गए हैं. इसी तरह एक दो दिन ओर बारिश का दौर रहा तो जलाशयों के बेस्टीयर ( छरछरी ) भी चालू हो जाएगी. एसडीओ ने विभाग के कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने कार्यक्षेत्र अंतर्गत जलाशयों के बढ़ते जल स्तर पर सतत नजर रखें. इधर जलाशयों के लबालब भर जाने से किसान भी खुश हैं. किसानों का मानना है कि उनकी आगामी फसल गेहूं, चना, मसूर की सिंचाई के लिए नहरों से पर्याप्त पानी मिल सकेगा.

## दुकान में सोते समय युवक को सांप ने डंसा, मौत

**सिलवानी.** ग्राम भैंसरा निवासी प्रकाश कुशवाहा (38) की सर्पदंश से मौत हो गई. प्रकाश की चाय की दुकान कस्बा बम्होरी के अवंतिका चौराहे पर नायरा पेट्रोल पंप के पास स्थित है. वह प्रतिदिन रात को दुकान पर ही सोता था. गुरुवार देर रात सोते समय उसके पैर में सांप ने डंस लिया. परिजन शुक्रवार सुबह उसे गंभीर हालत में सिलवानी सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी.

# मंडल रेल प्रबंधक ने रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

## मंडल रेल चिकित्सालय क्रू सदस्यों से मिले, रोगियों एवं चिकित्सा स्टाफ से किया संवाद

**भोपाल, 22 अगस्त. पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी ने आज भोपाल स्टेशन स्थित रनिंग रूम तथा निशातपुरा स्थित मंडल रेल चिकित्सालय का निरीक्षण किया. इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों की कार्य परिस्थितियों, विश्राम व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं एवं आधारभूत सुविधाओं की गुणवत्ता का आकलन करना था.**



निशातपुरा के मंडल रेल चिकित्सालय में मंडल रेल प्रबंधक ने भर्ती रोगियों एवं चिकित्सा स्टाफ से संवाद स्थापित कर स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और उनकी गुणवत्ता की जानकारी प्राप्त की. उन्होंने ओपीडी, वार्ड, फार्मेसी, डायग्नोस्टिक सुविधाओं और आपातकालीन सेवाओं का जायजा लिया. इस अवसर पर उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि कर्मचारियों एवं उनके परिजनों को बेहतर, समयबद्ध और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए.

इसके उपरांत भोपाल स्टेशन स्थित रनिंग रूम का निरीक्षण करते हुए मंडल रेल प्रबंधक ने ड्यूटी पर तैनात लोको पायलटों एवं गार्ड्स से मुलाकात कर उनकी ड्यूटी समयसारिणी, विश्राम कक्षों की स्थिति, भोजन व्यवस्था, साफ-सफाई और अन्य मूलभूत सुविधाओं पर जानकारी ली. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रनिंग स्टाफ को तनावमुक्त एवं सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जाए ताकि वे संरक्षा मानकों के अनुरूप दक्षता और एकाग्रता के साथ कार्य कर सकें.

> इस निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय डोगरा, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य) संजय मानोरिया, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरओ) सचिन शर्मा, वरिष्ठ मंडल अभियंता (मुख्यालय) श्याम नागर सहित विभिन्न विभागों के अन्य अधिकारी एवं पर्यवेक्षक उपस्थित रहे.

# कलचुरी महासभा की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा



**भोपाल, 22 अगस्त. अखिल भारतवर्षीय हैहय कलचुरी महासभा द्वारा विगत दिनों स्थापना दिवस विचार संगोष्ठी का आयोजित किया गया था, जिस पर समीक्षा बैठक शुक्रवार को सीएमई सभागार जेके अस्पताल परिसर एल एन सीटी यूनिवर्सिटी, कोलार रोड, भोपाल में संपन्न हुई है.**

बैठक में सर्व प्रथम दीप प्रज्वलित कर भगवान श्री सहस्त्रबाहु जी के चित्र का पूजन अर्चन किया गया. राष्ट्रीय अध्यक्ष जयनारायण चौकसे ने स्वागत भाषण से बैठक में सभी आयोजन समिति के सदस्यों का स्वागत किया. समीक्षा बैठक में कलचुरि महासभा के सभी आयोजन समिति भोपाल द्वारा 2,3 अगस्त को आयोजित कार्यक्रम महासभा के 90 वें स्थापना दिवस आयोजित किया गया था, जिसमें सभी पदाधिकारियों द्वारा अपने कार्य को सफलता पूर्वक करने के लिए सभी आयोजन समिति सदस्यों का महासभा के महासचिव एड एमएल राय ने आभार जताया. आगे समिति की रूपरेखा का प्रारूप शंकर लाल राय ने अवगत करवाया.

## नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी

**भोपाल.** सचिव राज्य निर्वाचन आयुक्त अभिषेक सिंह ने जानकारी दी है कि नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है. पुनरीक्षण 1 जनवरी 2025 की संदर्भ तारीख के आधार पर किया जाएगा. जिन नगरीय निकायों की मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य उप निर्वाचन वर्ष 2025 पूर्वार्ध के लिये किया जा चुका है, उनके लिये यह लागू नहीं होगा. फोटोयुक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 13 नवम्बर को होगा. मास्टर ट्रेनर्स की नियुक्ति तथा जिला स्तरीय प्रशिक्षण 25 अगस्त तक किया जाएगा. फोटोयुक्त प्रारूप मतदाता सूची का नगर पालिका वार्ड और अन्य विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 8 अक्टूबर को होगा.

# कटनी में माइनिंग कॉनक्लेव आज

## निवेशकों से वन-टू-वन चर्चा करेंगे सीएम

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 22 अगस्त. कटनी में मध्यप्रदेश माइनिंग कॉनक्लेव 2.0 का आयोजन 23 अगस्त को किया जा रहा है. कॉनक्लेव का मुख्य फोकस क्षेत्र कोयला एवं ऊर्जा, ऊर्जा एवं हाइड्रोकार्बन, प्रौद्योगिकीय प्रगति, क्रिटिकल मिनरल्स और चूना पत्थर एवं सीमेंट होंगे. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव समिट में शामिल होने वाले विषय-विशेषज्ञों और निवेशकों के साथ वन-टू-वन चर्चा भी करेंगे.**

कॉन्क्लेव में लगभग 2 हजार से अधिक प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं, जिनमें देश के विभिन्न राज्यों के निवेशक और उद्योगपति शामिल हैं. कॉन्क्लेव में मिनरल एवं माईनिंग से संबंधित विभिन्न सत्रों के दौरान चर्चा होगी.मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश खनन और खनिज संसाधन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में उभरा है. प्रदेश खनिजों की प्रचुरता और सरकार की निवेश अनुकूल नीतियों के कारण देश की औद्योगिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है. खनन क्षेत्र न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था को सुदृण करेगा, अपितु देश के औद्योगिक विकास और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत मिशन में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा. कटनी माईनिंग कॉन्क्लेव में देशभर के बड़े औद्योगिक घरानों ने दिलचस्पी दिखाई है. कटनी का माइनिंग कॉन्क्लेव खनिज कंपनियों, उद्योग प्रतिनिधियों और अन्य प्रमुख हितधारकों को एक मंच पर लाएगा, जिससे सहयोग और नवाचार को प्रोत्साहन मिलेगा. इस आयोजन में डिजिटल परिवर्तन, ऊर्जा सुरक्षा, और स्थिरता पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जिसमें खनन कार्यों में ऑटोमेशन के साथ एआई और मशीन लर्निंग के उपयोग पर चर्चा होगी.

> **इनके बीच एमओयू**
>
> माइनिंग कॉन्क्लेव में कोल इंडिया लिमिटेड, संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म, मप्र शासन तथा मप्र राज्य खनिज निगम लिमिटेड के मध्य क्रिटिकल मिनरल एवं अन्य खनिजों के पूर्वेक्षण एवं खनन के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किये जाएगें. इसके अलावा संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म, मध्यप्रदेश शासन, मध्यप्रदेश राज्य खनिज निगम लिमिटेड एवं टैक्समिन के बीच समझौता ज्ञापन तथा संचालनालय, भौमिकी तथा खनिकर्म, मध्यप्रदेश राज्य खनन निगम लिमिटेड और भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, भोपाल के मध्य समझौता ज्ञापन किया जायेगा.

### विधायक शर्मा ने किया पलटवार

# नेता प्रतिपक्ष सिंघार का अमर्यादित बयान दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय

**भोपाल, 22 अगस्त. विधायक रामेश्वर शर्मा ने नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के हालिया बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने नेता प्रतिपक्ष जैसे गरिमामय संवैधानिक पद की मर्यादा को भूलते हुए, जिस प्रकार की भाषा और सोच का परिचय दिया है, वह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है.**

भाजपा के वरिष्ठ नेता व विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष का पद जनता द्वारा सौंपा गया एक गंभीर और जिम्मेदार दायित्व होता है, लेकिन उमंग सिंगार ने इसे मजाक बनाकर रख दिया है. उनका बयान दर्शाता है कि वे न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों की अवहेलना कर रहे हैं, बल्कि भाषा की गरिमा भी भूल चुके हैं. भाजपा के वरिष्ठ नेता व विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ संविधान को सर्वोपरि मानते हुए राष्ट्रसेवा के कार्य में निरंतर संलग्न है. डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा रचित संविधान ही संघ की प्रेरणा है. विधायक शर्मा ने कहा कि उमंग सिंगार द्वारा छिंदवाड़ा के कलेक्टर जैसे सम्मानजनक पद पर बैठे अधिकारी को चड्डी जैसे आपत्तिजनक और अमर्यादित शब्दों से संबोधित किए जाने को उनके मानसिक दिवालियापन और राजनीतिक हताशा का प्रमाण बताया. वहीं सांसद कविता पाटीदार ने राजगढ़ के कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियव्रत सिंह खिंची के कार्यक्र5म में कांग्रेस नेता यशवंत गुर्जर द्वारा दिए बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उनका वक्तव्य प्रदेश सरकार की लाड़ली बहनों का घोर अपमान है. कांग्रेस के नेताओं का चरित्र और उनके वक्तव्य महिलाओं विरोधी रहे हैं.

# 'समाज में सक्रिय भागीदारी निभाएं'

**▸ महिला मोर्चा, अजा मोर्चा एवं अजजा मोर्चा की बैठक**

**भोपाल, 22 अगस्त. भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में महिला मोर्चा, अनुसूचित जाति मोर्चा एवं अनुसूचित जनजाति मोर्चा की बैठक आयोजित की गई. बैठक में जिला अध्यक्ष रविंद्र यति एवं महापौर मालती राय उपस्थित रही.**



भाजपा जिला अध्यक्ष रविंद्र यति ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार देश और मध्यप्रदेश के अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के सर्वांगीण विकास का कार्य कर रही है. देश में कुछ ताकतें ऐसी हैं जो जनजातियों को भ्रमित करने में लगी हुई हैं. भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के कार्यकर्ता समाज में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं और जनजातियों को भ्रमित करने वालों से समाज के लोगों को सजग करें. हम सभी लोगों को जनजातीय समाज को बरगलाने वाले असामाजिक तत्वों से सावधान रहना है. केंद्र और मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार की योजनाओं को जनजातीय समाज के लोगों को लाभ मिले, इसके लिए गांव-गांव, झोपड़ी-झोपड़ी घूमकर सरकार के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाएं. उन्होंने कहा कि पार्टी की गतिविधियों में हर जिले और हर कार्यकर्ता की सक्रिय भागीदारी होनी चाहिए.

महापौर मालती राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी देश को मजबूत कर रहे हैं, हर समाज, हर वर्ग के विकास के लिए काम कर रहे हैं. हमें उन्हें मजबूत करना है. जनजातीय समाज तरक्की करें इसके लिए हमारी सरकार होना जरूरी है. मोर्चा कार्यकर्ता सरकार और जनता के बीच की कड़ी बनकर जनहितैषी योजनाओं का लाभ आमजन को दिलाएं.

बैठक में जिला मंत्री अश्विनी राय, मोर्चों के जिला प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष मनोज राठौर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना जाचक, जिला सह मीडिया प्रभारी सुषमा बाबिसा, विभा गरुण, कामाक्षी विश्वकर्मा, सूरज खरे, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष हरिओम ओसारी, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष शक्ति राव सहित तीनों मोर्चों के जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

**उपलब्धि** ▸ अपेक्स बैंक की 61 वीं वार्षिक साधारण सभा संपन्न

# बैंक ने वित्तीय वर्ष में रु.139.04 करोड़ का शुद्ध लाभ कमाया

**भोपाल, 22 अगस्त. अपेक्स बैंक की 61 वीं वार्षिक साधारण सभा आज अपेक्स बैंक में समन्वय भवन के सभागार में प्रमुख सचिव, सहकारिता एवं अपेक्स बैंक के प्रशासक डीपी आहूजा की अध्यक्षता में आयोजित हुई.**




प्रबंध संचालक मनोज गुप्ता ने बैठक में प्रशासक के अभिभाषण का वाचन करते हुये बैंक की वित्तीय स्थिति से सभी सदस्यों को अवगत कराते हुए कहा कि समग्र प्रयासों एवं समयबद्ध कार्ययोजना के क्रियान्वयन के फलस्वरूप अपेक्स बैंक द्वारा इस वर्ष अब तक का अधिकतम शुद्ध लाभ 139.04 करोड़ का अर्जित किया है. इसलिये बैंक ने अब अपने अंशधारियों को 4 प्रतिशत की दर से लाभांश देने का भी निर्णय लिया है. उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 के आय-व्यय के साथ वर्ष 2025-26 के बजट को बैठक में अनुमोदित किया गया. इस वर्ष अपेक्स बैंक को अंकेक्षक ने "ए" ग्रेड प्रदान किया है तथा अपेक्स बैंक में इस वर्ष 23 सहायक प्रबंधक, 95 संवर्ग अधिकारियों की आईबीपीएस के माध्यम से भर्ती प्रक्रियाधीन है, जबकि 54 बैंकिंग सहायकों की भर्ती की गई है. इसी प्रकार प्रदेश के 38 जिला सहकारी केन्द्रीय बैंकों में अधिकारी वर्ग के 326, बैंकिंग सहायक वर्ग के 1040 एवं समिति प्रबंधक वर्ग के 839 अर्थात् 2205 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया भी प्रक्रियाधीन है.

> प्रदेश की त्रि-स्तरीय सहकारी साख संरचना को मजबूत, सशक्त एवं समृद्ध बनाने की दिशा में केन्द्र प्रायोजित पैक्स कम्प्यूटराईजेषन योजनान्तर्गत प्रदेश की 4536 पैक्स में हार्डवेयर इंस्टाल कर दिये गये हैं एवं 4534 पैक्स साफ्टवेयर पर आन बोर्ड हो चुकी हैं. पैक्स रियल टाईम साफ्टवेयर पर कार्य कर सकें, इसकी कार्यवाही प्रक्रियाधीन है, इससे पैक्स की कार्यप्रणाली और सेवाओं में पारदर्षिता आयी है और जनसामान्य में पैक्स के प्रति विश्वास बढ़ा है. इसी प्रकार पैक्स सदस्यों को उनके खातों के संव्यवहारों की सूचना एस.एम.एस. के द्वारा भेजने वाला प्रथम राज्य मध्य-प्रदेश बन गया है. अन्त में प्रबंध संचालक मनोज गुप्ता ने प्रदेश के मा.मुख्यमंत्री जी, सहकारिता मंत्री जी, कृषि उत्पादन आयुक्त, भारतीय रिजर्व बैंक, नाबार्ड, नेफेस्कॉब, सहकारिता, कृषि एवं खाद्य व नागरिक आपूर्ति विभाग के साथ उपस्थित प्रतिनिधियों, शीर्ष सहकारी संस्थाओं के प्रबंध संचालकों का आभार व्यक्त किया. बैठक का संचालन उप महाप्रबंधक के.टी.सज्जन ने किया.

# खिलाड़ियों की उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणादायक

**▸ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और संगठन मंत्री ने विजेता खिलाड़ियों को दी बधाई**



**भोपाल, 22 अगस्त. भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय विजेता खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं.**

> भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने चेन्नई में आयोजित 64 वीं नेशनल स्टेट सीनियर एथिलिट्स चैंपियनशिप में पुरूष वर्ग के 1500 मीटर प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के अर्जुन वास्कले को कांस्य पदक, जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में आयोजित खेलो इंडिया वॉटर स्पोर्टस फेस्टिवल 2025 में केनोइंग स्पर्धा की के 2-500 मीटर महिला वर्ग में निहारिका सिंह एवं चन्द्रकला को स्वर्ण पदक, पुरूष केनोइंग के 1000 मीटर प्रतिस्पर्धा में कृष्णा जाट को रजत पदक, महिला केनोइंग में सी 1-200 मीटर प्रतिस्पर्धा में सुश्री मौसम यादव एवं मयंक को कांस्य पदक जीतने पर एवं अन्य विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी है.

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कजाकिस्तान में आयोजित 16वीं एशियाई शूटिंग शॉटगन चैंपियनशिप के जूनियर महिला वर्ग में मध्यप्रदेश शूटिंग अकादमी की शॉटगन स्किट शूटर मानसी रघुवंशी को स्वर्ण पदक एवं जूनियर पुरूष वर्ग में ज्योतिरादित्य सिंह सिसौदिया को कांस्य पदक जीतकर वैश्विक मंच पर देश और प्रदेश का गौरव बढ़ाया है. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल कहा कि मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों द्वारा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक हासिल करना देश और प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणादायक है. उन्होंने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है.